# झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
# सर्कुलर रोड, राँची

## सूचना

**झारखण्ड अभियोजन सेवान्तर्गत सहायक लोक अभियोजक के कुल–160 पदों {बैकलॉग 26 पदों (विज्ञापन संख्या–05/2025 एवं नियमित 134 पद (विज्ञापन संख्या–06/2025)} के संबंध में आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पत्रांक–6629, दिनांक–02.12.2024 द्वारा झारखण्ड अभियोजन सेवान्तर्गत सहायक लोक अभियोजक के पद पर बैकलॉग एवं सीधी भर्ती हेतु आयोग को प्राप्त अधियाचना झारखण्ड अभियोजन सेवा नियमावली, 2011 एवं विभागीय अधिसूचना संख्या–2129, दिनांक–19.04.2017 के अनुरूप आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या–05/2025 एवं विज्ञापन संख्या–06/2025 प्रकाशित किया गया है।

उक्त नियमावली के आधार पर ही दोनो विज्ञापनों के कंडिका (8) एवं (9) में प्रारंभिक परीक्षा एवं लिखित परीक्षा के विषयों का स्वरूप, अंक, एवं स्तर का विवरण अंकित किया गया है।

उक्त नियमावली झारखण्ड लोक सेवा आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

अतः दोनों विज्ञापनों में अंकित विषयक विवरण के आधार पर ही प्रारंभिक एवं लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक (प्रभारी),
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।